सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६ -२७

कक्षा:-तीन **विषय:हिंदी** **पाठ:३(मैना का बलिदान)**

कठिन शब्द

१ दत्तक

२ पेशवा

३ क्रांतिकारी

४ कायरता

५ सुरक्षित

६ अनुचर

७ क्रोध

८ स्वर्ग

९ यातनाएँ

१० अपमान

११ प्रलोभन

१२ वीरांगना

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -----

प्रश्न १ नाना साहब कौन थे ?

उत्तर - नाना साहब अठारह सौ सत्तावन की आज़ादी की लड़ाई के प्रमुख नेता थे।

प्रश्न २ नाना साहब ने मैना को क्या जिम्मेदारी दी थी ?

उत्तर - नाना साहब ने मैना को अंग्रेज़ स्त्रियों और उनके बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की जिम्मेदारी दी।

प्रश्न ३ अंग्रेज़ो ने मैना को यातनाएँ क्यों दी ?

उत्तर - नाना साहब के बारे में कुछ भी नहीं बताने के कारण अंग्रेज़ों ने मैना को यातनाएँ दी ।

प्रश्न ४ मैना को जलते देखकर अंग्रेज़ स्त्रियों और बच्चों की आँखों में आँसू क्यों आ गए ?

उत्तर - मैना ने निडरता और बहादुरी से अंग्रेज़ो द्वारा दी गई यातनाओं को हँसते -हँसते सहते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। यही सब देख अंग्रेज़ स्त्रियों और बच्चों की आँखों में आँसू आ गए।

वाक्य प्रयोग

क) दत्तक - गोद लिया हुआ

वाक्य - मैना , नाना साहब पेशवा की दत्तक पुत्री थी।

ख) बलिदान - देश के लिए मरना

वाक्य - देश को स्वतंत्र कराने के लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया।

ग) मौन - चुप

वाक्य - मौन रहना एक साधना है, और सोच समझ कर बोलना एक कला है।

घ) क्रोध - गुस्सा

वाक्य - क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है।